हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 11 अक्टूबर, 2025


तापमान
अधिकतम 30.9 डिग्री
न्यूनतम 16.7 डिग्री


10 न्याय की मांग पर संगठनों ने निकाला कैंडल मार्च





10 अग्रोहा में अग्रसेन के नाम पर दो म्यूजियम बनाएं




## खबर संक्षेप

### स्याहडवा पंप हाउस में युवक का शव बरामद

**हिसार।** बीएनसी माइनर के स्याहडवा पंप हाउस से शुक्रवार को एक अज्ञात युवक का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक युवक की पहचान के प्रयास जारी है। पुलिस ने शुक्रवार दोपहर को सूचना मिली कि स्याहडवा पंप हाउस में एक अज्ञात युवक का शव बहकर आया है। उसके बाद पुलिस की टीम पंप हाउस पर पहुंची और करीब 30 वर्षीय युवक का शव पानी से बाहर निकालकर कब्जे में लिया।

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी काबू

**हांसी।** जिला भर में उद्घघोषित अपराधी, व बेल जंपर के खिलाफ विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। अभियान के तहत पीओ स्टाफ पुलिस ने चेक बाउंस मामले में एक उद्घघोषित आरोपी भाटिया कॉलोनी निवासी विरेन्द्र को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पीओ स्टाफ हांसी में तैनात एएसआई सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी को अदालत ने चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### यूनियन और सरकार के मध्य वार्ता आज

**हिसार।** दी हरियाणा कोऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी एम्पलाइज यूनियन के प्रदेश महामंत्री गोदारा ने बताया कि हड़ताल के चौथे दिन यूनियन को सरकार की ओर से वार्ता के लिए निमंत्रण मिला है। शनिवार को यूनियन का प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ वार्ता के लिए जाएगा जो हरियाणा निवास में होगी। यूनियन की ओर से सात सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री को भेजा गया है जिसमें मुख्य मांगे हैफेड प्रबंधन द्वारा धान फसल की खरीद पर समिति को मिलने वाले कमीशन की दर को घटाने वाले प्रस्ताव को रद्द करना आदि मांगों पर सरकार से वार्ता होगी। सरकार के साथ होने वाली वार्ता के बाद आंदोलन के संदर्भ में आगामी निर्णय लिया जाएगा।

### बच्चों को कल दी जाएगी पोलियोरोधी खुराक

**हिसार।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिले में द्वारा 12 अक्टूबर को पोलियो दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले में बच्चों को दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार के संदेश के साथ पोलियो की खुराक दी जाएगी। यह अभियान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के द्वारा संचालित किया जा रहा है। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों ने कहा कि भारत पोलियो मुक्त है, लेकिन कुछ देशों में यह बीमारी अब भी मौजूद है और वापस आ सकती है। इसलिए बच्चों की सुरक्षा के लिए पोलियो की खुराक हर बार देना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी वाइस चेयरमैन ने जताई नाराजगी

# एनएचएआई अफसरों को मीटिंग में आने में दिक्कत क्यों : सुभाष

*हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

- 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य चलाए गए सेवा पखवाड़े के दौरान की गई गतिविधियों की ली जानकारी
- नगर निगम द्वारा एकत्रित कचरे से बनाई गई खाद तथा पौध वितरण कार्यक्रम में की शिरकत

स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और उनसे 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य चलाए गए सेवा पखवाड़े के दौरान की गई गतिविधियों की भी जानकारी ली। इस दौरान कई विभागों के अधिकारी मीटिंग में उपस्थित नहीं थे। इस पर वाइस चेयरमैन ने नाराजगी जताई। खासकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों के मीटिंग में नहीं आने पर वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने डीसी को आदेश किए कि एनएचएआई अधिकारियों से पूछा जाए कि आखिर उन्हें मीटिंग में आने में दिक्कत क्या है। पूर्व की मीटिंग में भी ये उपस्थित नहीं थे। मीटिंग में रेलवे तथा प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड अधिकारी भी गायब थे।



**हिसार।** बैठक उपस्थित स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र, डीसी अनीश यादव व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### खेल स्टेडियमों की हालत पर जताई चिंता

इससे पूर्व वाइस चेयरमैन ने सेवा पखवाड़े के दौरान विभागों द्वारा की गई गतिविधियों की भी जानकारी ली। वाइस चेयरमैन ने खेल स्टेडियमों की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता देते हुए खेल विभाग के अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा खेल स्टेडियम तो बना कर दे दिए, लेकिन उचित रखरखाव के अभाव में खेल स्टेडियम सफेद हाथी बनते जा रहे हैं। ऐसे में खेल स्टेडियम के रखरखाव व सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। सुभाष चंद्र ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि चौकी-थानों में खड़े वाहनों कंडम हो रहे हैं और वहां पर साफ-सफाई भी ठीक तरह से नहीं हो पाती। नियमानुसार चौकी-थानों में खड़े वाहनों की समय से नीलामी करवाई जाए।

### नगर निगम को दी शाबाशी

नगर निगम द्वारा जिले में की जा रही गतिविधियों के संदर्भ में एक प्रेजेंटेशन भी दी गई। जिसमें बताया गया कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए विभिन्न स्तरों पर सघन सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। इसमें बाजार क्षेत्र में 35 सघन सफाई अभियान संचालित कर 350 कूड़ेदान लगाए गए। साथ ही स्वच्छता नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध 124 चालान जारी कर 29 हजार 700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। नगर निगम द्वारा 85 सार्वजनिक शौचालयों का सर्वे किया गया, जिनमें से 17 की मरम्मत की गई। वर्तमान में 85 सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जा रही है। वाइस चेयरमैन ने ढंडूर डंपिंग स्टेशन से कूड़े का पहाड़ खत्म करने के लिए निगम अधिकारियों को शाबाशी दी।

### वाइस चेयरमैन ने दिलाया स्वच्छता का संकल्प

इसके बाद स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने मॉडल टाउन के सेंट्रल पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने के लिए जन आंदोलन चलाया है। इस आंदोलन में सभी की भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए ही स्वच्छता के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों को पौध तथा नगर निगम द्वारा एकत्रित कचरे से बनाई गई खाद भी वितरित की। उन्होंने वार्ड 14 में एमआरएफ सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गीले कचरे से खाद बनाने की पूरी प्रक्रिया की भी जानकारी ली, साथ ही स्वच्छता ग्राहियों से भी विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### प्लॉटों की सफाई

शहर की साफ-सफाई और सुंदरता पर विशेष ध्यान देते हुए 499 जीवीपीएस/सीटीयू एवं खाली प्लॉटों की सफाई की गई तथा 33 जीवीपीएस को सुंदर बनाया गया। इस अभियान के दौरान 392 मीट्रिक टन कचरा एकत्र किया गया। इसी प्रकार सफाई कार्य को और प्रभावी बनाने के लिए 200 सफाई मित्रों की नियुक्ति की गई, वहीं 30 एसएसआई अधिकारियों को जीरो वेस्ट वार्ड पहल के तहत जागरूकता और निगरानी के लिए नियुक्त किया गया।

### पेयजल सप्लाई

बैठक में उपस्थित पार्षद राजेंद्र बिडलान ने वाइस चेयरमैन के सामने दूषित पेयजल सप्लाई का मुद्दा उठाया। पार्षद ने उन्हें बताया कि उनके वार्ड में सीवरेज व्यवस्था तो ठीक है, लेकिन पेयजल आपूर्ति ठीक नहीं है। पटेल नगर एरिया में लंबे समय से पेयजल की सप्लाई दूषित पानी आ रहा है। इसके कारण लोगों को असुविधा उठानी पड़ रही है। इस पर वाइस चेयरमैन ने संबंधित अधिकारियों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिए।

**यह रहे उपस्थित:** बैठक के दौरान उपायुक्त अनीश यादव, अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, नगर निगम आयुक्त नीरज, जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल, एचसीएस हरबीर सिंह, नगराधीश हरिराम, एएमसी डॉ प्रदीप हुड्डा, पार्षद राजेंद्र बिडलान, पार्षद डॉ सुमन यादव, ताराचंद, सुभाष दींघड़ा व डीआईओ दीपक भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।



हांसी। विश्वकर्मा समाज के प्रबुद्ध सदस्य रोष प्रकट करते हुए।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो

# व्यूज की सनक में युवक ने की शर्मनाक हरकत

- महिलाओं के कपड़े पहन विश्वकर्मा चौक पर बनाई आपत्तिजनक वीडियो, विश्वकर्मा समाज में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

शहर के भगवान विश्वकर्मा चौक पर एक युवक द्वारा महिलाओं के कपड़े पहनकर अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। युवक ने सार्वजनिक स्थल पर भद्दे इशारे और प्राइवेट पार्ट को छूते हुए वीडियो रिकॉर्ड की और बाद में उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिया। वीडियो में उसने राम मंदिर के सामने भी अभद्र हरकतें की, जिससे समाज में गहरा रोष फैल गया है।

मामले के सामने आने के बाद विश्वकर्मा समाज के लोगों ने गहरी नाराजगी जताई और कहा कि यह न केवल धार्मिक भावनाओं का अपमान है बल्कि समाज की मर्यादा के खिलाफ भी है। विश्वकर्मा समाज के प्रधान बिजेंद्र जांगड़ा और विश्वकर्मा चौक प्रधान प्रवीण जांगड़ा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा के पवित्र स्थल के पास इस तरह की अभद्र वीडियो बनाना निंदनीय है। युवक के इस कृत्य ने पूरे समाज को शर्मसार किया है। वहीं कांग्रेस नेता तेलू राम जांगड़ा ने कहा कि वह पुलिस प्रशासन से मिलकर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की आड़ में धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर हरिचरण जांगड़ा, विक्रम जांगड़ा, मनोज वर्मा, राजा राम जांगड़ा, बलजीत जांगड़ा, अमित जांगड़ा, सुनील जांगड़ा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। घटना के बाद से शहर में इस विषय को लेकर भारी चर्चा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों पर सख्त निगरानी रखी जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति धार्मिक स्थलों की गरिमा के साथ खिलवाड़ न कर सके।

### जांच जारी

घटना का वीडियो हमारे संज्ञान में आया है। जांच की जा रही है और आरोपी युवक के खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
**-अमित यशवर्धन**, एसपी, हांसी।

*4 भैंस और दो कटड़ियों की दर्दनाक मौत*

# पाली गांव में शॉर्ट सर्किट से भड़की आग, मवेशी मरे

- हादसे के वक्त घर मालिक अपने दूसरे घर में सो रहा था
- आग लगते ही पशुबाड़े में ड्रम में रखे तेल ने लपटों को और ज्यादा भड़काया

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

गांव पाली में बीती रात करीब 12 बजे एक दर्दनाक हादसे में छह पशुओं की जान चली गई। गांव निवासी भूप सिंह के पशु बरामदे में अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे पूरा बरामदा आग की लपटों में घिर गया।

हादसे के वक्त घर मालिक भूप सिंह अपने दूसरे घर में सो रहे थे। आग लगने की सूचना आसपास के लोगों ने फोन कर दी। ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड व नारनौंद थाना पुलिस को सूचना दी। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया, तब तक भारी नुकसान हो चुका था। जानकारी के अनुसार, जिस बरामदे में पशु बंधे थे, वहीं पर ट्रैक्टर के डीजल तेल का ड्रम भी रखा हुआ था। आग लगते ही ड्रम में रखे तेल ने लपटों को और भड़का दिया। इससे कुछ ही मिनटों में पूरा पशु शेड जलकर राख हो गया। बरामदे की छत कड़ियों की बनी होने से वह भी जलकर ढह गई और मलबा नीचे गिरने से पशु बाहर नहीं निकल पाए। आगजनी में भूप सिंह की चार भैंसें, एक कटड़ी और एक झोटी जिंदा जल गईं। इस दर्दनाक दृश्य को देखकर ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं।



**नारनौंद।** पाली में आग से जलकर मृतक अवस्था में पड़ी हुई भैंसों को देखते ग्रामीण।

### लाखों का नुकसान

ग्रामीणों ने बताया कि अगर फायर ब्रिगेड कुछ देर और देर से पहुंचती तो आसपास के मकानों में भी आग फैल सकती थी. सूचना के बाद नारनौंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी कार्रवाई शुरू की। साथ ही, पशु चिकित्सक की टीम ने मृत पशुओं का पोस्टमार्टम करवाया। हादसे में भूप सिंह को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

## पर्वतारोही रोहताश खिलेरी अक्टूबर महीने के आखिरी हफ्ते में होंगे रवाना

# माउंट एल्ब्रस चोटी पर 24 घंटे रुककर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे रोहताश

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिले के मल्लापुर गांव से निकले इस पर्वतारोही ने पहले ही दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट, यूरोप की माउंट एल्ब्रस और अफ्रीका की किलिमंजारो को फतेह करके भारत का तिरंगा उन बुलंदियों पर पहुंचाया है, जहां पहुंचना एक आम इंसान के लिए सिर्फ सपना होता है। रोहताश यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस को फतह कर वहां 24 घंटे रूककर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। पर्वतारोही खिलेरी इस अभियान के लिए अक्टूबर महीने के आखिरी हफ्ते में रवाना होंगे। रोहताश ने इससे पहले सर्दी और गर्मी सीजन में यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस को फतेह करने वाले पहले भारतीय पर्वतारोही का रिकॉर्ड अपने नाम किया था।



पर्वतारोही रोहताश खिलेरी।

### रोहताश खिलेरी की प्रमुख उपलब्धियां

बिश्नोई समाज से वास्ता रखने वाले, शुद्ध शाकाहारी एथलीट, रोहताश 21 मार्च, 2021 को सुबह 11.45 बजे माउंट किलिमंजारो की चोटी पर पहुंचे और 22 मार्च, 2021 को दोपहर 12.07 बजे (24 घंटे) तक वहीं रहते हुए 24 वर्ष की आयु में यह अद्भुत रिकॉर्ड बनाया। रोहताश ने 2014 में नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर स्पोर्ट्स में अपने करियर की शुरुआत की थी। वह किलिमंजारो पहाड़ की चोटी पर 24 घंटे रहने वाले दुनिया के पहले पर्वतारोही हैं। साथ ही, वह रूस के सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट एल्ब्रस पर 4 सितंबर 2018 और 2 फरवरी 2020 को सर्दी और गर्मी के मौसम में पहुंचने वाले पहले भारतीय भी हैं। रोहताश ने 16 मई 2018 को माउंट एवरेस्ट को फतह किया था।

### एल्ब्रस की चढ़ाई क्यों इतनी जानलेवा

ऑक्सीजन का स्तर केवल 40-50 : तक पहुंच जाता है। शरीर जमने लगता है। तापमान दिन में माइनस 20 डिग्री और रात में माइनस 40 डिग्री तक जाता है। कोई मेडिकल हेल्प पास नहीं होती। 24 घंटे वहां टिकना मतलब कि हर सेकेंड एक जंग लड़ना। पर्वतारोही रोहताश खिलेरी इस मिशन को केवल व्यक्तिगत नहीं मानते। वे कहते हैं कि 'यह केवल मेरा सपना नहीं, यह भारत का सपना है। मैं चढ़ाई करूंगा, लेकिन यह जीत आप सबके नाम होगी।' वे हर दिन सोशल मीडिया पर अपनी तैयारी, संघर्ष, ट्रेनिंग और मिशन से जुड़े अपडेट साझा करेंगे।






पिस्सू अपने शरीर की लंबाई से 350 गुना तक छलांग लगा सकते हैं।



मगरमच्छ अपनी जीभ बाहर नहीं निकाल सकते।

# पोस्ट अधिकारी बनकर भी चमका सकते हैं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर गांव में एक पोस्ट ऑफिस मुख्य रूप से उपलब्ध होता है। कई ऐसे छोटे गांव है, जहां पर डाकघर नहीं होगा लेकिन हर एक पंचायत में एक डाकघर अवश्य है। पोस्ट ऑफिस में अलग-अलग पदों पर पोस्ट अधिकारी काम करते हैं। पोस्ट वितरित करने वाले डाकिए से लेकर ब्रांच मैनेजर तक पोस्ट ऑफिसर अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। जब हम अपने आसपास किसी भी पोस्ट ऑफिसर को देखते हैं तो हमारे मन में भी ख्याल आता है, कि पोस्ट ऑफिसर कैसे बन सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको पोस्ट ऑफिसर कैसे बनें। इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।

## पोस्ट अधिकारी

भारतीय पोस्ट यानी कि इंडियन डाक डिपार्टमेंट में काम करने वाला हर एक कर्मचारी पोस्ट ऑफिसर कहलाता है। डाक वितरित करने वाले अधिकारी को भी पोस्ट ऑफिसर के नाम से कहा जाता है। हालांकि सामान्य भाषा में डाकिया भी कहते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए विद्यार्थी कौन-कौन से काम करके पोस्ट ऑफिसर बन सकता है। इसकी जानकारी हम आपको इस आर्टिकल के जरिए देने का पूरा प्रयास करेंगे।

### ये चाहिए जरूरी दस्तावेज

*सरकार के द्वारा रिक्त पदों के आधार पर नियमित रूप से पोस्ट ऑफिस पर पद पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में आप अपना आवेदन लगाकर पोस्ट ऑफिसर बन सकते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी दस्तावेज नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं:*

- आवेदक का आधार कार्ड
- पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ
- बैंक पासबुक
- मूल निवास प्रमाण पत्र
- ग्रेजुएशन का सर्टिफिकेट
- कंप्यूटर डिप्लोमा का सर्टिफिकेट

## जॉब के लिए योग्यता

**जो उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर बनना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों को कई तरह की योग्यता का मुख्य रुप से ध्यान रखना होता है। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:**

- पोस्ट ऑफिसर बनने वाले सभी कर्मचारियों को सबसे पहले भारत की नागरिकता का मापदंड पूरा करना होगा। जो कर्मचारी भारत के नागरिक है। उनको पोस्ट ऑफिसर बनने का मौका मिलेगा।
- पोस्ट ऑफिस पद पर निकलने वाली भर्ती के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारी की उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।
- आवेदक मानसिक रूप से और शारीरिक रूप से पूरी तरह से स्वस्थ होना जरूरी है।
- आवेदक को कंप्यूटर का बेहतरीन नॉलेज होना चाहिए और कंप्यूटर के बेहतरीन नॉलेज के साथ-साथ एमएससीआईटी और सीसीसी कोर्स करना आवश्यक है।
- आवेदक के पास न्यूनतम ग्रेजुएशन डिग्री होना जरूरी है ग्रेजुएशन डिग्री के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर के लिए अपना आवेदन लगा पाएंगे।
- उम्मीदवार का किसी भी तरह से क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए हालांकि यह पुलिस वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट जो क्रिमिनल रिकॉर्ड ना होने का दावा करता है। यह आपके लिखित परीक्षा में पास होने के बाद पूछा जाने वाला एक दस्तावेज है।

## ये प्रोसेस अपनाएं

**पोस्ट ऑफिसर बनने का सपना देखने वाले कर्मचारियों को कई तरह से तैयारी करनी होती है। सर्वप्रथम कर्मचारियों को पहले ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करनी होगी। ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करने के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर बनने के योग्य होते हैं।**

पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए उम्मीदवार को सबसे पहले 12वीं कक्षा पास करने के बाद किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त करनी होगी। विद्यार्थी को किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री अच्छे अंकों के साथ बात करनी है। क्योंकि विद्यार्थी के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम योग्यता के तौर पर पोस्ट ऑफिसर के लिए मानी जाती है। हालांकि पुराने जमाने में डाकिया बनने के लिए कोई भी ग्रेजुएशन डिग्री की जरूरत नहीं होती थी। लेकिन वर्तमान में नए मापदंड के आधार पर डाकिया बनने के लिए भी आपको ग्रेजुएशन की डिग्री के साथ ही आप आवेदन लगा सकेंगे।

**परीक्षा और इंटरव्यू :** डाक भर्ती का लिखित पेपर पास करने के पश्चात कुछ विशेष पदों के लिए इंटरव्यू का आयोजन भी किया जाता है। इंटरव्यू प्रक्रिया के बाद में फाइनल मेरिट लिस्ट की घोषणा होती है और उसके आधार पर आप को चयनित कर के दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाता है। पोस्ट ऑफिस तक पद पर काम करने वाले उम्मीदवार को शुरुआत में बेसिक सैलरी 20000 से लेकर 38000 तक प्रदान करवाई जाती है।

### भर्ती में आवेदन करें

जब विद्यार्थी ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल कर देता है। तो उसके पश्चात विद्यार्थी को पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए सरकार के द्वारा नियमित रूप से रिक्त पदों के अनुसार भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में अपना आवेदन लगा कर भर्ती की परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए।

### भर्ती परीक्षा की तैयारी करें

जब उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर पद के लिए निकाली जाने वाली भर्ती में अपना आवेदन लगा देता है तो उसके पश्चात उस विद्यार्थी को परीक्षा के सिलेबस को समझते हुए और एग्जाम पैटर्न को समझते हुए बेहतरीन तैयारी करनी चाहिए। क्योंकि वर्तमान में हर पद के लिए बहुत ही ज्यादा कंपटीशन भारत में है। सरकारी नौकरी को लेकर चपरासी पद के लिए भी जबरदस्त कंपटीशन वर्तमान समय में देखने को मिलता है। ऐसे में आपको नियमित पांच से 6 घंटे तक पढ़ाई करते हुए पोस्ट ऑफिसर भर्ती परीक्षा के सिलेबस को पूरा पढ़ना चाहिए और उसके बाद पोस्ट ऑफिस परीक्षा के एग्जाम को क्लियर करना है।

---

विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल की गहरी समझ प्रदान करता

# बीबीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट और सरकारी जगत में सुनहरे अवसर

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



तीन वर्षीय स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम



बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) तीन वर्षीय स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को प्रबंधन विज्ञान, व्यवसाय रणनीति और नेतृत्व कौशल की गहरी समझ प्रदान करता है। इसमें प्रायः मार्केटिंग, फाइनेंस, अकाउंटिंग, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, ऑपरेशन्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स, बिजनेस कम्युनिकेशन, आंत्रप्रेन्योरशिप और बिजनेस लॉ जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यधिक महत्व है,मार्केटिंग किसी भी कंपनी की ब्रांड छवि और बिक्री बढ़ाने का प्रमुख स्तंभ है, फाइनेंस और अकाउंटिंग संस्थान की आर्थिक रीढ़ हैं, एचआर प्रबंधन संगठन की कार्यकुशलता और टीम भावना को मजबूत करता है, जबकि बिजनेस लॉ और स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट संस्थान को कानूनी, नैतिक और प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टि से सक्षम बनाते हैं। इस प्रकार बीबीए न केवल छात्रों को कॉर्पोरेट जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करता है, बल्कि उन्हें समस्या समाधान, निर्णय क्षमता, नेतृत्व और टीमवर्क जैसी प्रायोगिक कौशलों से भी सुसज्जित करता है। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बीबीए को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बीबीए ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं।

## विशेषज्ञता चुनी जा सकती

बीबीए/ऑनर्स में विषय-गहनता के साथ विशेषज्ञता चुनी जा सकती है। निम्नलिखित प्रमुख विशेषज्ञताएं इस प्रकार हैं।
विपणन (मार्केटिंग) वित्त लेखा
मानव संसाधन प्रबंधन । परिचालन/संचालन
व्यवसाय विश्लेषिकी (बिज़नेस एनालिटिक्स)
अंतरराष्ट्रीय व्यापार, उद्यमिता, आपूर्ति श्रृंखला व लॉजिस्टिक्स, खुदरा प्रबंधन, बैंकिंग और बीमा
डिजिटल मार्केटिंग, पर्यटन व आतिथ्य प्रबंधन
इन विशेषज्ञताओं का प्रत्यक्ष उपयोग बिक्री-वृद्धि, लाभप्रदता, लागत-नियंत्रण, प्रतिभा-प्रबंधन, डेटा-व्याख्या, वैश्विक विस्तार और ग्राहक-अनुभव को बेहतर बनाने में होता है।

## इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि कार्यान्वयन-योग्य कौशल ही करियर को तीव्र गति देते हैं,यही आज के उद्योग मानक हैं। निम्नलिखित आवश्यक कौशल इस प्रकार हैं। प्रभावशाली लिखित/मौखिक संचार व प्रस्तुतीकरण, उन्नत स्प्रेडशीट/एमआईएस, मूल वित्तीय विश्लेषण, बजट/पूर्वानुमान, सीआरएम/ईआरपी जैसे व्यावसायिक उपकरणों की समझ, डेटा-आधारित सोच, व्यवसाय विश्लेषण की बुनियाद, बिक्री-वार्ता, ग्राहक-सम्बंध प्रबंधन, सेवा-उत्कृष्टता, परियोजना-प्रबंधन, समय-प्रबंधन, टीमवर्क व नेतृत्व, इंटर्नशिप/ लाइव-प्रोजेक्ट/ उद्योग-प्रमाणन, (गूगल/ मेटा/ टैली/ एक्सेल आदि)

## उच्च अध्ययन के विकल्प

**उच्च शिक्षा नेतृत्व-स्तरीय प्रगति, वैश्विक मानकों की विशेषज्ञता और करियर-गतिशीलता को गति देती है,बीबीए के बाद सही कार्यक्रम चुनना करियर-वृद्धि का गुणक सिद्ध होता है।**

निम्नलिखित प्रमुख उच्च अध्ययन विकल्प इस प्रकार हैं। एम.बी.ए. (विपणन/वित्त/मानव, संसाधन/ संचालन/ व्यवसाय, विश्लेषिकी/ अंतरराष्ट्रीय व्यापार/उद्यमिता) पी.जी.डी.एम. (उद्योग-उन्मुख प्रबंधन), एम.कॉम. (लेखा/वित्त में गहनता), विधि स्नातक (एल.एल.बी.) – कॉर्पोरेट/ व्यापार कानून, व्यवसाय विश्लेषिकी/डेटा विज्ञान में पी.जी. कार्यक्रम, मानव संसाधन प्रबंधन (एम.एच.आर.एम.), अंतरराष्ट्रीय व्यापार (एम.आई.बी.), हॉस्पिटैलिटी/ टूरिज़्म प्रबंधन सीए/ सीएस/ सीएमए जैसी व्यावसायिक योग्यताएं (पात्रता के अनुसार), लोक नीति/ विकास प्रबंधन/ सार्वजनिक प्रशासन में स्नातकोत्तर।

## ले सकते हैं सलाह

- बीबीए कॉर्पोरेट नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता और उद्यमशीलता की स्वर्ण-डोरी है,सही विशेषज्ञता, ठोस कौशल और अनुशासित निष्पादन के साथ आप उच्च-विकास निजी भूमिकाएँ, स्थिर एवं सम्मानजनक सरकारी सेवाएं और विश्वस्तरीय उच्च शिक्षा,तीनों मार्गों पर तेजी से आगे बढ़ सकते हैं।
- **सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.career-jaano.com**पर भी विज़िट कर सकते हैं।

## निजी क्षेत्र में विकल्प

**कॉर्पोरेट जगत उच्च-प्रभाव, परिणाम-उन्मुख और ग्राहक-केंद्रित पेशेवरों की तलाश में है,बीबीए स्नातक ठीक इसी मांग को पूरा करते हैं। वे ब्रांड-वृद्धि, राजस्व-त्वरण, लागत-दक्षता और संचालन-उत्कृष्टता के माध्यम से संस्थान को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।**
निम्नलिखित "विशेषज्ञता-आधारित" भूमिकाएं इस प्रकार हैं।
1) विपणन/ डिजिटल/ खुदरा विपणन कार्यकारी, ब्रांड/ कैम्पेन सहायक, डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षु एसईओ/ सोशल मीडिया समन्वयक, सीआरएम कार्यकारी, माल-विक्रय योजनाकर्ता।
2) वित्त/ लेखा/ बैंकिंग-बीमा वित्तीय विश्लेषक प्रशिक्षु, लेखा सहायक, जीएसटी/कर सहायक ऋण-प्रसंस्करण/क्रेडिट समन्वयक, जोखिम-विश्लेषण सहायक, बीमा-अंडरराइटिंग सहायक
3) मानव संसाधन (एचआर) एचआर सहायक, भर्ती समन्वयक, पेरोल/कम्प्लायंस सपोर्ट प्रशिक्षण व विकास समन्वयक, कर्मचारी-संबंध कार्यकारी
4) संचालन/आपूर्ति श्रृंखला/ लॉजिस्टिक्स संचालन सहायक, गुणवत्ता आश्वासन सहायक, क्रय/ प्रोक्योरमेंट सहायक सप्लाई-चेन समन्वयक, इन्वेंट्री/ वितरण योजनाकर्ता
5) व्यवसाय विश्लेषिकी/ एमआईएस एमआईएस कार्यकारी, व्यवसाय विश्लेषण सहायक, रिपोर्टिंग/ डैशबोर्ड समन्वयक
विशेषज्ञता से स्वतंत्र "सामान्य" विकल्प (किसी भी बीबीए स्नातक हेतु) इस प्रकार हैं, ग्राहक सेवा कार्यकारी, इनसाइड-सेल्स/ एसडीआर, प्रशासनिक सहायक ई–कॉमर्स संचालन सहायक, प्रोजेक्ट समन्वयक कंटेंट/ कम्युनिकेशन समन्वयक, उद्यमिता/ स्टार्टअप समन्वयक।

**आय-सीमा (निजी क्षेत्र)**

- **फ्रेशर:** लगभग 3.0–5.5 लाख वार्षिक (स्थान/ क्षेत्र/ कंपनी पर निर्भर)
- अनुभवी (5–10 वर्ष): लगभग 8–22 लाख वार्षिक; उच्च-विकास भूमिकाओं/एमएनसी/एमबीए पश्चात 25–30 लाख+ सम्भव

## सरकारी क्षेत्र में विकल्प

सरकारी सेवाएं स्थायित्व, सामाजिक प्रतिष्ठा और दीर्घकालिक सुरक्षा का समन्वय हैं। बीबीए पृष्ठभूमि के छात्र प्रशासनिक दक्षता, वित्तीय अनुशासन और संचालन-समझ के कारण अनेक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सशक्त दावेदारी रखते हैं।
**निम्नलिखित प्रमुख** परीक्षाएं/ विकल्प इस प्रकार हैं,
**1) बैंकिंग व बीमा :** एसबीआई/ आईबीपीएस पीओ व क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट एलआईसी/अन्य सरकारी बीमा उपक्रम,असिस्टेंट/प्रशासनिक अधिकारी
**2) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) :** सीजीएल के अन्तर्गत: सहायक लेखा अधिकारी, आयकर सहायक, निरीक्षक/लेखीरीक्षण सहायक सीएचएसएल/अन्य स्नातक पद: डाक/कार्यालय सहायक, डेटा प्रविष्टि इत्यादि
**3) संघ व राज्य लोक सेवा आयोग :** सिविल सेवाएं (आईएएस, आईपीएस, आईआरएस आदि), राज्य प्रशासनिक/वाणिज्यिक कर सेवाएं
**4) रेलवे/ पीएसयू/ अन्य बोर्ड:** रेलवे एनटीपीसी/कार्यालय सुपरिंटेंडेंट, सार्वजनिक उपक्रमों में प्रशासनिक/वाणिज्यिक पद एफसीआई, ईएसआईसी, ईपीएफओ जैसे संगठनों में उपयुक्त स्नातक पद
**5) रक्षा सेवाए :** सीडीएस/ एएफसीएटी के माध्यम से अधिकारी प्रशिक्षण,नेतृत्व व राष्ट्र-सेवा का गौरवपूर्ण मार्ग लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर टेरीटोरियल आर्मी अफसर
**आय-सीमा (सरकारी क्षेत्र):**
**फ्रेशर:** लगभग 3.5–7.5 लाख वार्षिक (आम तौर पर पे-लेवल 5–7)
**अनुभवी/वरिष्ठ:** लगभग 9–20 लाख वार्षिक; उच्च सेवाओं/उच्च ग्रेड-पे में इससे अधिक, साथ में भत्ते/सुविधाएं

---

# स्क्रीन टाइम कम करें, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन को समृद्ध बनाएं



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

आज का युग डिजिटल क्रांति का है, लेकिन स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और स्क्रीन की चमक में खोकर हम अपने मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और जीवन के अनमोल पलों को नजरअंदाज कर रहे हैं। खासकर छात्रों के लिए, जो अपने भविष्य की नींव रख रहे हैं, स्क्रीन टाइम को सीमित करना और समय को योग, एकाग्रता, नए कौशल, और परिवार के साथ बिताना न केवल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि जीवन को भी समृद्ध करता है। यह लेख हिंदी में छात्रों को प्रेरित करता है कि वे स्क्रीन की लत से बाहर निकलें और अपने मानसिक स्वास्थ्य व आत्म-विकास पर ध्यान दें। अत्यधिक स्क्रीन टाइम न केवल हमारी आँखों और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डालता है।

## तनाव, चिंता और अवसाद को बढ़ाता

सोशल मीडिया पर तुलना, साइबरबुलिंग, और लगातार ऑनलाइन बने रहने का दबाव छात्रों में तनाव, चिंता और अवसाद को बढ़ाता है। इसके साथ ही, स्क्रीन की नीली रोशनी नींद को प्रभावित करती है, जिससे एकाग्रता और उत्पादकता कम होती है। लेकिन अगर आप इस समय को नियंत्रित करें, तो आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

**स्क्रीन टाइम से होने वाली मानसिक स्वास्थ्य समस्याए**

**तनाव और चिंता:** परीक्षा का दबाव, सामाजिक अपेक्षाएँ, और सोशल मीडिया पर दूसरों से तुलना छात्रों में चिंता को बढ़ाती है। स्क्रीन टाइम इस तनाव को और गहरा करता है।
**अवसाद:** लगातार स्क्रीन पर समय बिताने से अकेलापन और आत्मसम्मान में कमी आती है, जो अवसाद का कारण बन सकता है।
**एकाग्रता में कमी:** लगातार नोटिफिकेशन्स और मल्टीटास्किंग के कारण पढ़ाई में ध्यान लगाना मुश्किल हो जाता है।
**नींद की कमी:** देर रात तक स्क्रीन पर समय बिताने से नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है।
**साइबरबुलिंग:** ऑनलाइन ट्रोलिंग और नकारात्मक कमेंट्स आत्मविश्वास को कम करते हैं और भावनात्मक तनाव को बढ़ाते हैं।

**स्क्रीन टाइम कम करने के फायदे**

स्क्रीन टाइम को सीमित करके आप अपने मानसिक स्वास्थ्य और जीवन को कई तरह से बेहतर बना सकते हैं।
**बेहतर एकाग्रता:** स्क्रीन से दूरी बनाकर आप पढ़ाई और अन्य कार्यों में अधिक ध्यान दे पाएंगे।
**मानसिक शांति:** योग और ध्यान तनाव को कम करते हैं और दिमाग को शांत रखते हैं।
**स्वस्थ जीवनशैली:** स्क्रीन टाइम की जगह योग, व्यायाम, और प्रकृति के साथ समय बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।
**नए कौशल का विकास:** खाली समय में आप कोई नया कौशल जैसे कोडिंग, लेखन, या कोई वाद्य यंत्र सीख सकते हैं।
**मजबूत रिश्ते:** परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने से भावनात्मक समर्थन मिलता है, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

## जीवन को बेहतर बनाने के उपाय

**समय सीमा तय करें:** रोजाना स्क्रीन टाइम को 1-2 घंटे तक सीमित करें। फोन पर टाइमर या ऐपलिमिटर का उपयोग करें।
**स्क्रीन-फ्री ज़ोन:** पढ़ाई का स्थान और बेडरूम को स्क्रीन-फ्री रखें। सोने से पहले फोन का उपयोग बंद करें।
**योग और ध्यान अपनाएं :** सुबह 10-15 मिनट सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, या मेडिटेशन करें। यह तनाव कम करता है और एकाग्रता बढ़ाता है।
**नए कौशल सीखें:** अपने समय को रचनात्मक कार्यों में लगाएं, जैसे कोई भाषा सीखना, पेंटिंग, या डिजिटलस्किल्स। यह आत्मविश्वास बढ़ाता है और भविष्य के लिए उपयोगी है।
**परिवार के साथ समय:** परिवार के साथ भोजन करें, बातचीत करें, या कोई खेल खेलें। यह अकेलेपन को कम करता है और रिश्तों को मजबूत करता है।
**प्रकृति के करीब जाएं:** पार्क में टहलें, पेड़-पौधों के बीच समय बिताएँ। यह मानसिक तनाव को कम करता है।
**परामर्श लें:** अगर तनाव या अवसाद लगे, तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से बात करें।
**छोटे कदम, बड़े बदलाव :** स्क्रीन टाइम कम करना शुरू में मुश्किल लग सकता है, लेकिन छोटे कदमों से आप इसे आसानी से हासिल कर सकते हैं। हर दिन एक घंटा कम स्क्रीन टाइम का मतलब है हर हफ्ते 7 घंटे आपके पास योग, पढ़ाई, परिवार, या नए कौशल के लिए। यह समय आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और आपके सपनों को हकीकत में बदलने में मदद करेगा। छात्र जीवन आपके भविष्य का आधार है। स्क्रीन की चमक में खोने के बजाय, अपने समय को योग, एकाग्रता, नए कौशल, और परिवार के साथ बिताएँ। यह न केवल आपके मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करेगा, बल्कि आपको एक संतुलित, सुखी, और सफल जीवन की ओर ले जाएगा। आज से ही शुरुआत करें अपने फोन को एक तरफ रखें, गहरी सांस लें, और अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाएं। आपका दिमाग और आपका समय आपकी सबसे बड़ी ताकत हैं, इनका सही उपयोग करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** ब्रजभाषा' है -
(ए) पूर्वी हिन्दी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) बिहारी हिन्दी
(डी) पहाड़ी हिन्दी

**2.** मगही' किस भाषा की बोली है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) पूर्वी हिन्दी
(डी) बिहारी

**3.** हिन्दी खड़ी बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है ?
(ए) मागधी
(बी) अर्धमागधी
(सी) शौरसेनी
(डी) ब्राचड़

**4.** भाषा के आधार पर राज्यों की पुनः संरचना की गयी थी ?
(ए) 1952 ई. में
(बी) 1953 ई. में
(सी) 1954 ई. में
(डी) 1956 ई. में

**5.** भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ?
(ए) पंजाब
(बी) जमू-कश्मीर
(सी) रजस्थान
(डी) आंध्र-प्रदेश

**6.** बघेली बोली का संबंध किस उपभाषा से है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पूर्वी हिन्दी
(सी) बिहारी
(डी) पश्चिमी हिन्दी

**7.** किस तिथि को हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया ?
(ए) 15 अगस्त, 1947 ई.
(बी) 26 जनवरी, 1950 ई..
(सी) 14 सितम्बर, 1949 ई..
(डी) 14 सितम्बर, 1950 ई.

**8.** वर्ष 1955 ई. में गठित प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष थे -
(ए) बी. जी. खेर
(बी) सुनीति कुमार चटर्जी
(सी) जी. बी. पन्त
(डी) पी. सुव्योरोयान

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(डी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप




### पल्स पोलियो अभियान को लेकर रैली निकाली

**हिसार।** पोलियो उन्नमूल की सफलता के लिए गांव किरतान में पल्स पोलियो अभियान चलाते हुए जागरूकता रैली निकाली गई। मेरा युवा भारत हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब किरतान तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किरतान द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम चलाया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल ऊषा बंसल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि 12 से 14 अक्टूबर पोलियो उन्मूलन दिवस के रूप मे मनाया जा रहा है।

### विशाल सवारी देखकर दंग रह गए श्रद्धालु

**हिसार।** श्री तिरुपति बालाजी धाम में ब्रह्मोत्सव पूरे उत्साह के साथ जारी है। उत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिदिन प्रातः व सायं निकलने वाली सवारियों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए शेष वाहन की भव्य झांकी निकाली गई। इस सवारी शोभा यात्रा में शेष वाहन के कई क्विंटल वजनी प्रतिरूप को रथ पर विराजमान करके उसमें भगवान के चल विग्रह को शोभायमान किया गया। सवारी तिरुपति धाम के मुख्य द्वार 71 फुट ऊंचे गोपुरम से निकली तो इसकी आभा देखने लायक रही।

### सोनू व अमन के परिजन एसडीएम से मिले

**नारनौंद।** रूस-यूक्रेन युद्ध में शामिल बताए गए मदनहेड़ी के सोनू व उसके साथी अमन के बारे में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। परिजनों ने सोनू की मौत से इनकार किया है। शुक्रवार शाम सोनू व दोस्त अमन के परिजनों ने नारनौंद के एसडीएम विकास यादव से मुलाकात करके दोनों का पता लगाने की गुहार लगाई है। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि वह अपने स्तर पर प्रयास करेंगे। अनिल का कहना है कि सोनू की मौत होने से संबंधित खबरें चलाई जा रही है।

### पटाखों के निर्माण और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया

**हिसार।** वायु एवं ध्वनि प्रदूषण के मद्देनजर जिलाधीश अनीश यादव ने 20 अक्टूबर से 31 जनवरी 2026 तक जिले की सीमा में सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा केवल ग्रीन क्रैकर्स को ही शर्तों के साथ सीमित अवधि में उपयोग की अनुमति दी गई है।

### ट्रेडिंग का झांसा दे 6.37 लाख की ठगने वाले काबू

**हिसार।** साइबर अपराधों पर कार्रवाई करते हुए साइबर थाना पुलिस ने पार्ट-टाइम जॉब व ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जांच अधिकारी उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता ने एनसीसीआपी पोर्टल पर शिकायत दी थी। शिकायत में उसने बताया कि उसे टेलीग्राम पर पार्ट-टाइम जॉब का लालच देकर एक ग्रुप में जोड़ा गया। वहां से उसे नामक फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर विभिन्न टास्क व रेटिंग देने का झांसा देकर पहले छोटे-छोटे मुनाफे दिखाए गए।

### पीडब्ल्यूडी मंत्री से मिला कर्मचारियों का शिष्टमंडल

**हांसी।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन के नेतृत्व में राज्य कमेटी शिष्टमंडल द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा से मुलाकात कर दोनों विभागों के मांग पत्रों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। राज्य प्रधान गंगा राम मौण ने बताया कि मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने संगठन की निष्ठा, अनुशासन और कर्मचारियों के मुद्दों की गहराई व समझ को देखते हुए अन्य संगठनों से अलग, केवल हमारे संगठन से पृथक रूप से बातचीत की।

## रामायण और देपल गांवों का किया दौरा

# एसडीएम ने की फसल खराबे को लेकर किए गए सर्वे की पड़ताल

**सामुदायिक केंद्र में किसानों व आमजन की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

एसडीएम राजेश खोथ ने शुक्रवार को रामायण तथा देपल गांव का दौरा कर खेतों में जाकर जलभराव से हुए फसल खराबे को लेकर किए गए सर्वे की पड़ताल की। इसके बाद रामायण गांव के सामुदायिक केंद्र में किसानों तथा अन्य नागरिकों की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा रखी गई हर समस्या को गंभीरता से सुना और मौके पर ही मोबाइल फोन के जरिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।

एसडीएम राजेश खोथ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रामायण तथा ढंढेरी गांवों के जल घरों के टैंकों की सफाई करवा कर पानी भरवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बरसात का सीजन लगभग समाप्त हो चुका है। ऐसे में इन दोनों गांवों के जलघर परिसरों की साफ सफाई भी करवाई जाए।



हांसी। रामायण गांव के सामुदायिक केंद्र में ग्रामीणों से बातचीत करते एसडीएम राजेश खोथ। *फोटो : हरिभूमि*

### रामायण गांव के किसान नहीं जलाएंगे पराली

इस दौरान एसडीएम ने किसानों से आग्रह करते हुए कहा कि फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और भूमि की उर्वरा शक्ति भी कमजोर होती है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर संचालित की जा रही योजनाओं के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। किसानों ने एसडीएम से एक बेलर उपलब्ध करवाने की मांग रखी। एसडीएम इस मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि गांव को बेलर मशीन अवश्य उपलब्ध करवाई जाएगी। इस पर उपस्थित सभी नागरिकों ने कहा कि वह फसल अवशेष नहीं जलाएंगे और इस कार्य में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। इस अवसर पर डॉ नरेंद्र सहरावत, मास्टर तेलु राम बेरवाल, सरपंच अनिल कुमार, पूर्व सरपंच सूरजमल मलिक, विक्रम मलिक, बलराज भाकर, तथा जयवीर सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय किसान सभा का अनाज मंडी में जोरदार प्रदर्शन



बरवाला । प्रदर्शन करते अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्य।

**बरवाला।** अखिल भारतीय किसान सभा बरवाला के प्रतिनिधिमंडल ने फसल खरीद में हो रही कथित धांधलेबाजी और बारिश से नष्ट हुई फसलों के मुआवजे समेत अनेक मांगों को पूरा करवाए जाने को अनाज मंडी में सरकार व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। बाद में कृषि मंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान अखिल भारतीय किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल ने अनाज मंडी का दौरा किया और सभा ने मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र कुंडू के साथ बैठक की। किसान सभा ने मंडी में किसानों के साथ हो रही धांधली से मार्केट कमेटी सचिव को अवगत कराया तथा मार्केट कमेटी सचिव ने भी किसान सभा के साथ मंडी का दौरा किया। जहां पर किसान सभा द्वारा मार्केट कमेटी सचिव को कई प्रकार की धांधलियां मौके पर दिखाई गई । मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र कुंडू ने कहा कि किसानों को भविष्य में ऐसी दिक्कतें नहीं आने देंगे। मार्केट कमेटी सचिव ने धान की खरीद में अनियमिताओं को ठीक करवा कर धान की कुछ ढेरियों को एमएसपी भाव 2369 रुपये प्रति किवंटल के हिसाब से बिकवाया। प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव सरबत सिंह पूनिया, तहसील प्रधान मा. कर्मबीर, सचिव सत्यवान रेड्डू, कोषाध्यक्ष रोहतास राजली, अभेराम जांगड़ा, नौजवान सभा के जिला सचिव जितेंद्र बूरा, प्रदीप बुरा, अशोक बधावड़, मा.पृथ्वी बरवाला, धर्मबीर वर्मा खेड़ी, शमशेर ढाणी प्रेम नगर, मा. सुभाष पेतिया व ऋषिकेश राजली आदि उपस्थित रहे।

## संत नामदेव जयंती समारोह को लेकर छिपा समाज ने की बैठक



आदमपुर । छिपा समाज की बैठक में उपस्थित नामदेव सभा हरियाणा के प्रधान सतबीर वर्मा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

■ पूर्व चेयरमैन वर्मा ने दिया समारोह का न्योता

26 अक्टूबर को मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय संत नामदेव जयंती समारोह को लेकर छिपा समाज की एक बैठक नामदेव सभा हरियाणा के प्रधान एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन अध्यक्ष सतबीर वर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर सतवीर वर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समस्त नामदेव समाज के आराध्य संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज का जयंती कार्यक्रम 26 अक्टूबर को हिसार में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सिंह रहेंगे। वर्मा ने समाज के लोगों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निमंत्रण प्रदान किया और कार्यक्रम आयोजन के संदर्भ में श्री नामदेव समाज समिति एवं श्री नामदेव समाज ट्रस्ट के पदाधिकारियों से विचार विमर्श करके उनके सुझाव प्राप्त किए। इस अवसर पर आदमपुर प्रधान गोलू राम, धर्मशाला प्रधान राजाराम पवार, विनोद खन्ना, सत्यवान किरोड़ी, अशोक पवार, किशन नंबरदार, पृथ्वी रेंजर, राधेश्याम, देवेंद्र सांखला, राजेश गहलोत, रामेश्वर राजवीर कैथ, मास्टर भाल सिंह, विनोद छिपा, दिलीप, सोनू राठौर आदि उपस्थित रहे।

## रेशनलाइजेशन के विरोध में सिंचाई मंत्री का घेराव आज

■ कर्मचारियों ने गेट मीटिंग करके जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की आईबी मैकेनिकल ब्रांच की गेट मीटिंग का आयोजन सिंचाई विभाग परिसर में ब्रांच प्रधान विनोद फौजी की अध्यक्षता में किया गया। गेट मीटिंग का संचालन ब्रांच सचिव विनोद भाटिया ने किया। गेट मीटिंग में कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। गेट मीटिंग में 11 अक्तूबर को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के भिवानी स्थित आवास के घेराव के लिए रूपरेखा बनाई गई।

गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान विनोद फौजी व अन्य कर्मचारी नेताओं ने बताया कि सरकार रेशनेलाइजेशन के नाम पर करीब 8 हजार पदों को खत्म कर विभाग को सिकोड़ने का काम कर रही है। यूनियन सरकार के इस निर्णय की कड़ी निंदा करती है।



हिसार । गेट मीटिंग को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी।

### यह रहे मौजूद

गेट मीटिंग को ब्रांच कोषाध्यक्ष सुरेंद्र फौजी, ब्रांच सचिव विनोद भाटिया, जिला प्रधान ओमप्रकाश मॉल, सचिव दीपक मेहरा, कैशियर अजय कुमार, ब्रांच चेयरमैन त्रिलोचन, वरिष्ठ उपप्रधान राजपाल फौजी, जोगेंद्र फौजी, सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक हिसार से कर्ण नैन, आकाश, मोहित, दीपक जटान, दीपक नैन, अमित शर्मा, लवप्रीत , सुनील, रामकुमार, सुचेता आदि ने भी संबोधित किया।

## मलेशिया में लुवास के वैज्ञानिकों ने लिया भाग

■ रिकेट्सियल और उष्णकटिबंधीय रोगों का सामना : वैश्विक स्वास्थ्य के लिए एकीकृत रणनीतियां' पर वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के वैज्ञानिकों ने मलेशिया के पेनांग स्थित पार्करॉयल पेनांग में आयोजित चौथे एशिया पैसिफिक रिकेट्सियल सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी कर विश्वविद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवपूर्वक स्थापित किया। इन वैज्ञानिकों में डॉ. बिस्वा रंजन महाराणा (वैज्ञानिक, एचपीवीके, करनाल), डॉ. स्नेहिल गुप्ता (सहायक प्रोफेसर, पशु परजीवी विज्ञान विभाग) तथा डॉ. सुरभि (सहायक प्रोफेसर, पशु शरीर क्रिया विज्ञान एवं जैव रसायन विभाग) शामिल है। यह सम्मेलन मलेशियन सोसायटी ऑफ पैरासिटोलॉजी एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन के 61वें वार्षिक वैज्ञानिक सम्मेलन के साथ संयुक्त रूप से हाल ही में आयोजित किया गया। सम्मेलन का मुख्य विषय 'रिकेट्सियल और उष्णकटिबंधीय रोगों का सामनाः वैश्विक स्वास्थ्य के लिए एकीकृत रणनीतिया' था। इसमें एशिया और प्रशांत क्षेत्र के विभिन्न देशों के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं ने भाग लिया।




हिसार । मलेशिया में भाग लेने पहुंचे लुवास के वैज्ञानिक।

### डॉ. स्नेहिल गुप्ता ने मौखिक प्रस्तुति दी

डॉ. स्नेहिल गुप्ता ने अपने शोध कार्य 'बुपारवाक्वोन और एम्फोटेरिसिन बी की व्यक्तिगत एंटी-ट्रिपैनोसोमल प्रभावकारिता का अध्ययनः ट्रिपैनोसोमा एवांसी के विरुद्ध इन विट्रो एवं इन विवो अनुसंधान' विषय पर मौखिक प्रस्तुति दी। डॉ. सुरभि ने 'टिक (किलनी) के लार में प्लेटलेट एकत्रण रोधी कारकों के प्रमाणः गौ-प्लेटलेट्स पर स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी आधारित अध्ययन' विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया। डॉ. बिस्वा रंजन महाराणा ने 'थीलिरिया ओरिएंटालिस की जीनोटाइपिक विविधता का अनावरणः उत्तर भारत के गाय और भैंसों में अध्ययन' विषय पर मौखिक प्रस्तुति दी।

## सुहागिनों ने चांद का दीदार कर पूरा किया करवा चौथ का व्रत



आदमपुर। करवा चौथ के व्रत पर पूजा-अर्चना करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

आदमपुर में सुहागिनों ने शुक्रवार को अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए करवा चौथ का व्रत किया।

व्रत के दौरान महिलाओं ने करवें में जल भरकर, रोली, चावल और गुड़ मां भगवती को अर्पण किया। अनाज के 13 दाने लेकर करवा पूजन किया। शाम को चंद्रमा को अर्घ्य देकर करवा चौथ के व्रत का पारायण किया। व्रत के दौरान महिलाओं ने श्रृंगार कर सुंदर परिधान पहने हुए थे। इससे पहले बाजारों में रौनक देखने को मिली और दुकानों पर महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। इस मौके पर दीपा ऐलावादी, ज्योति कथूरिया, रिम्पी धमीजा, तनु गर्ग, सुषमा ग्रोवर, माधवी, कल्पना, सोनिया कथूरिया महिलाएं मौजूद रहीं।

## संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महासभा की बैठक आज

**हिसार।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महासभा की कार्यकारिणी की अहम बैठक 11 अक्टूबर आयोजित की जाएगी। सिरसा रोड स्थित संत शिरोमणि छात्रावास में आयोजित होने वाली बैठक में महासभा के पदाधिकारी, समाज के प्रबुद्ध नागरिक एवं वरिष्ठ सदस्य बड़ी संख्या में भाग लेंगे। बैठक का केंद्रबिंदु एडीजीपी स्वर्गीय पूरन कुमार को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला रहेगा, जिस पर हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से हुई वार्ता पर भी गहन चर्चा होगी।

महासभा के प्रधान एस.पी. चालिया ने बताया कि 9 अक्टूबर को समाज के लगभग 125 लोगों का प्रतिनिधिमंडल गुरु रविदास भवन, चंडीगढ़ से मुख्यमंत्री आवास पहुंचा था। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मंत्री कृष्ण पंवार, प्रधान सचिव राजेश खुल्लर तथा गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमित्रा मिश्रा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से मांग की थी कि जिन अधिकारियों के नाम सुसाइड नोट में दर्ज हैं, उन्हें तत्काल पद से हटाया जाए ताकि निष्पक्ष जांच संभव हो सके। चालिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने एफआईआर दर्ज करवाने का आश्वासन दिया था, परंतु वास्तविक कार्रवाई अधूरी रही।

## गुजवि में विश्व अंतरिक्ष सप्ताह का शुभारंभ

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के सौजन्य ने विश्व अंतरिक्ष सप्ताह 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रस्तुति, प्रश्नोत्तरी और भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के भविष्य के लिए छात्रों के अभिनव दृष्टिकोण को प्रदर्शित करने वाली प्रस्तुतियों जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. आरएस कुंडू ने आधुनिक शिक्षा में अंतरिक्ष विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

**भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. आरएस कुंडू ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।**

भौतिकी संघ की समन्वयक प्रो. नीतू अहलावत के समन्वय में तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत 30 विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 15 परियोजनाओं के प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ हुई। इस कार्यक्रम को डॉ. रमेश कुमार, डॉ. हरदेव सिंह, डॉ. रवि भाटिया, डॉ. साहिल और डॉ. वंदना सहित संकाय सदस्यों की एक समर्पित टीम द्वारा समर्थित किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को निरंतर मार्गदर्शन और सलाह प्रदान की।

## विधायक रणधीर ने किया जल आपूर्ति लाइनों के कार्यों का शिलान्यास




हिसार। शिलान्यास करते विधायक रणधीर पनिहार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

■ सेक्टर-15, जवाहर नगर, हाउसिंग बोर्ड के निवासियों को लाभ होगा

नलवा के विधायक रणधीर पनिहार ने सेक्टर-15 ए हिसार में 3.40 करोड़ की लागत से मौजूदा जल आपूर्ति लाइनों के नवीनीकरण के कार्य का शिलान्यास किया। इससे सेक्टर-15, जवाहर नगर, हाउसिंग बोर्ड के निवासियों को लाभ होगा। रणधीर पनिहार ने कहा कि क्षेत्रवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्र नलवा हलके में लोगों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके इसके लिए पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई एवं उनके प्रयास लगातार जारी हैं। इसी दिशा में यह कार्य शुरू हुआ है।

## राष्ट्र निर्माण का बोध कराता पौधरोपण

■ गुजवि में 'एक पेड़ डिग्री के नाम 2.0' अभियान के तहत लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी का भी बोध कराता है। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी अपने डिग्री काल में एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करते हैं, तो वे न केवल प्रकृति के प्रति कर्तव्य निभाते हैं, बल्कि यह कार्य उनके जीवन में अनुशासन, सेवा और जिम्मेदारी का प्रतीक बन जाता है।



हिसार । अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई।

### 'एक पेड़ डिग्री के नाम 2.0' अभियान

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के बी.टेक प्रथम वर्ष के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए ऑफिस ऑफ कोऑर्डिनेटर (बी.टेक. प्रथम वर्ष) की ओर से आयोजित भव्य मेगा पौधारोपण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम 'एक पेड़ डिग्री के नाम 2.0' अभियान के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना, सामाजिक उत्तरदायित्व और सतत विकास की भावना को जागृत करना था। इस अवसर पर प्रो. अंजन कुमार बराल, कोऑर्डिनेटर (बी.टेक. प्रथम वर्ष) तथा डॉ. संजीव कुमार, डिप्टी कोऑर्डिनेटर रहे। उनके मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में लगभग 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने-अपने पौधे रोपे।

**सियासत** पार्षद शहर के विकास-जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे : भयाना

# नप के मनोनीत पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

नगर परिषद परिसर में शुक्रवार को मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में विधायक विनोद भयाना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। नगर परिषद के ईओ सुरेश चौहान ने तीनों मनोनीत पार्षदों अशोक ढालिया, रमेश मदान और मनजीत जांगड़ा को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, नगर परिषद चेयरमैन प्रवीण इलाहाबादी, वाइस चेयरमैन अनिल बंसल, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि विनोद सैनी, नवीन ठाकुर, मीनू मुवाल, सुनील मंत्री सहित कई पार्षद और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विधायक भयाना ने मनोनीत पार्षदों अशोक ढालिया, रमेश मदान और मनजीत जांगड़ा को बधाई दी।



हांसी। नप परिसर में मनोनीत पार्षदों को शपथ दिलाते नगर परिषद ईओ सुरेश चौहान

### सोमवार को रद हो गया था कार्यक्रम

सोमवार को निर्धारित शपथ ग्रहण समारोह प्रशासनिक कारणों से रद कर दिया गया था। उस समय नगर परिषद अध्यक्ष और निर्वाचित पार्षदों को आमंत्रित नहीं किया गया था। इसके बाद शुक्रवार को यह कार्यक्रम दोबारा आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण के बाद विधायक भयाना ने उम्मीद जताई कि तीनों मनोनीत पार्षद शहर के विकास और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन प्रवीण इलाहाबादी ने विधायक और अन्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### गुजवि में 'कैनवा' कार्यशाला आयोजित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग के कॉमर्स क्लब द्वारा बीकॉम विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय 'कैनवा' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कॉमर्स विभाग की अध्यक्षा डॉ. निधि तुरान ने कहा कि कैनवा एक ऐसा मंच है जो विद्यार्थियों को न केवल डिजाइनिंग कौशल सिखाता है बल्कि उनके आत्मविश्वास और प्रस्तुतीकरण क्षमता को भी मजबूत करता है। कार्यशाला का संचालन एमकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों अजय और प्रवीन ने किया।

### न्यू ऑटो मार्केट में बालाजी का 11वां जागरण कल

**हिसार।** श्री बालाजी परिवार ऑटो मार्केट एवं सहयोगी संस्था श्री राम दूतम सेवा समिति द्वारा 12 अक्टूबर को न्यू ऑटो मार्केट फेस 3 कम्युनिटी सेंटर में श्री बालाजी का 11वां विशाल जागरण होगा। समिति के प्रधान कुलप्रकाश बंटी गोयल ने बताया की 12 अक्टूबर को सायं 5:15 पर श्री गणपति जी की आराधना के उपरांत श्री बालाजी की ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। उसके उपरांत जागरण में अपनी कला की छटा बिखेरने दो नई फनकार महेश परमार (जयपुर से), नम्रता करवा (मुंबई वाले), राजेश गोयल 'रिंकू' सिरसा वाले,विशेष तौर पर उपस्थित होंगे। जागरण में छप्पन भोग व सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी।

### ध्यान से शांति की खोज पर ध्यान सत्र कल

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 12 अक्टूबर को ध्यान से शांति की खोज के संदर्भ में चिंतन-मनन करते हुए ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र में ध्यान और शांति के विविध पहलुओं को समझाया जाएगा। इसके साथ ही ध्यान विधियों का अभ्यास भी करवाया जाएगा। ध्यान सत्र में ध्यान कैसे किया जाए और शांति कैसे प्राप्त हो सकती है जैसे प्रश्नों का न केवल सारगर्भित जवाब मिलेगा।

### बीड़ बबरान धाम में 7वां ताली कीर्तन आज

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम में 11 अक्टूबर को सातवां ताली कीर्तन धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक चलने वाले इस कीर्तन में भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। निज पुजारी विनय शर्मा व अन्य गायक वाद्य यंत्र वादकों की संगत करते हुए श्याम बाबा के शौर्य, पराक्रम व त्याग से साक्षात्कार करवाएंगे। इस दौरान श्याम बाबा के दरबार को भव्य स्वरूप दिया जाएगा।

### आज पांच घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

**बरवाला।** 33 केवी राजली लाइन व सब स्टेशन में मेंटेनेंस कार्य के चलते 11 केवी के कई फीडरों की 11 अक्टूबर को बिजली सप्लाई पांच घंटे के लिए प्रातः 6 बजे से 11 बजे तक बाधित रहेगी। इन फीडरों 11 केवी सुलखनी आरडीएस फीडर, 11 केवी बुगाना एपी फीडर, 11 केवी पंघाल आरडीएस फीडर, 11 केवी राजली आरडीएस फीडर,11 केवी मिरदाद एपी फीडर व 11 केवी इंडिपेंडेंट फीडर पर बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

## पूरन कुमार को न्याय के लिए संगठनों ने निकाला कैंडल मार्च

# आईपीएस सुसाइड केस की जांच सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस से कराने की मांग

**सरकार और जातिवादी व्यवस्था के विरोध में नारे लगाए**



**हिसार।** आईजी वाई पूरन कुमार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर शहर में कैंडल मार्च निकालते विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आईजी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के मामले में शुक्रवार को शहर की अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जातियां समाज के विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों ने रोष प्रदर्शन कर कैंडल मार्च किया। संत कबीर शिक्षा समिति, अखिल भारतीय वाल्मीक समाज, गुरु रविदास महासभा, डॉक्टर अंबेडकर महासभा, कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट, भीम आर्मी आदि का यह विरोध मार्च पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान से पारिजात चौक होकर लक्ष्मीबाई चौक से आईजी कार्यालय तक निकाला गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार और जातिवादी व्यवस्था के विरोध में नारे लगाए तथा आईपीएस वाई पूरन कुमार को न्याय दो, जातिगत उत्पीड़न बंद करो की तख्तियां लहराई। समाज के प्रतिनिधियों जोगीराम खुंडिया, बिजेंद्र सभरवाल, एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, रतन बड़गुज्जर, एडवोकेट बजरंग इंदल ने कहा कि पीड़ित परिवार ने अपनी शिकायत में डीजीपी शत्रुजीत कपूर, एसपी नरेंद्र बिजारनिया सहित 13 अधिकारी नामजद किए हैं लेकिन अब तक किसी पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

समाज के प्रतिनिधियों ने आईपीएस मामले की सुप्रीम कोर्ट जस्टिस से जांच कराने, दोषियों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को सुरक्षा की मांग की गई। इस दौरान प्रदर्शन के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन में पूर्व प्रधान रोशन लाल, कुलदीप वाल्मीकि, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया, अमित जाटव, सुरेंद्र सैनी, मुकेश सैनी, संतलाल अम्बेडकर, गुरचरण अठवाल, चमनलाल बागड़ी, एडवोकेट विक्रम मित्तल, मानसिंह चौहान, उमेद सिंह खन्ना, अशोक बोहत, इंद्राज भारती, संजय चौहान, रजत, राजेश बागड़ी, ताराचंद बलियाली, राजेश मुड़ाई, सोमनाथ शर्मा, देशराज कंबोज, पवन तुंदवाल, शकुंतला, कुसुम प्रजापति, जमना सिंह चौहान, प्रदीप, शेरसिंह खिची, कामरेड देशराज, सूरजभान, कैप्टन तुलाराम व अन्य मौजूद रहे।

### सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग

**उकलाना।** आईपीएस अधिकारी एवं रोहतक रेंज के एडीजीपी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के मामले को लेकर नगरवासियों ने कैंडल मार्च निकालकर शोक व्यक्त किया और सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि यह मामला जातीय हिंसा से जुड़ा हुआ है और कहा कि यदि एक उच्च पदस्थ अधिकारी के साथ इस प्रकार का व्यवहार हो सकता है, तो आम नागरिक कैसे सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो पूरे हरियाणा में आंदोलन शुरू किया जाएगा। कैंडल मार्च में प्रवीण गिल, विमल कुमार, राधेश्याम, राहुल सहोता, विजय भेरिया, अक्षय कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।


**हिसार।** वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत आदमपुर में निकाले गए रोष मार्च में हिस्सा लेते विधायक चंद्रप्रकाश, कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता व हलकावासी।

## कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान

# विधायक ने आदमपुर में चलाया हस्ताक्षर अभियान

- भाजपा सरकार बड़े पैमाने पर वोटों में गड़बड़ी करके लोकतंत्र को आघात पहुंचा रही : चंद्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किए गए वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के क्रम में आदमपुर में चलाए गए हस्ताक्षर अभियान एवं रोष मार्च में हलकावासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विधायक चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में हलकावासियों ने हस्ताक्षर करके इस अभियान का समर्थन किया। हाथों में तख्तियां लेकर रोष मार्च निकालते हुए कार्यकर्ताओं ने वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाकर लोगों को जागृत भी किया। हस्ताक्षर अभियान व रोष मार्च के दौरान विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जनता के अधिकारों के लिए समय-समय पर अनेक अभियान चलाए हैं। मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, कट्टरता व नफरत के खिलाफ लोगों को एकजुट करने के लिए राहुल गांधी ने देशभर में भारत जोड़ो अभियान चलाकर अभूतपूर्व कार्य किया। अब लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान चलाया हुआ है।

### चंद्रप्रकाश ने लगाया जनता दरबार

विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार लगाकर हलकावासियों की समस्याएं सुनी। किसानों ने खेतों में जलभराव की समस्या प्रमुखता से रखी और फसलों के बर्बाद होने की जानकारी साझा की। चंद्रप्रकाश ने कहा कि हजारों एकड़ में बर्बाद हुई फसलों के लिए उन्होंने प्रदेश सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है। इस दौरान टूटी सड़कों, पेयजल व बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्याएं भी सामने आई।

# अग्रसेन के नाम पर दो म्यूजियम बनाए

- सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में अच्छा कार्य करने पर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

वैश्य समाज उकलाना द्वारा सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में अच्छा कार्य करने पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर करोड़ों रुपये की लागत से दो म्यूजियम बनाएं गए हैं। अग्रोहा धाम में भव्य ऑडिटोरियम मनाया जा रहा है। अग्रोहा धाम में जरूरतमंद युवक-युवती की शादी के लिए बैंक्विट हॉल बनाया गया है। अग्रोहा धाम में जरूरतमंद अग्रवाल युवक-युवती की शादी करना चाहे तो सारी व्यवस्था व साथ में 1.5 लाख रुपये का सामान दिया जाता है। अग्रोहा धाम की तरफ से ठहरने, खाने, बैंड-बाजे, फेरे आदि की व्यवस्था सब निशुल्क की गई है।


**हिसार।** समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

### इन्होंने लिया भाग

इस अवसर पर अग्रोहा धाम उकलाना इकाई के प्रधान सुरेश गर्ग, व्यापार मंडल प्रधान महेश बंसल, सतीश दनोदा, राजकुमार गर्ग, तरसेम बरवाला, बलराज गर्ग, नरेंद्र गर्ग, सुगंध चंद्र गोयल, पवन उकलाना, विनोद मित्तल, संगीता गर्ग आदि प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### महिला बंदियों ने रंगोली स्पर्धा में दिखाया हुनर

**हिसार।** करवा चौथ पर्व के अवसर पर शुक्रवार को केंद्रीय कारागार-2 हिसार में महिला बंदियों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महिला बंदियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया। जेल अधीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) से प्रशिक्षक गीता देवी व अंजु रानी के मार्गदर्शन में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई।

इसमें प्रथम स्थान महिला बंदी रोशनी देवी, द्वितीय स्थान कविता देवी तथा तृतीय स्थान सिमी देवी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक रमेश कुमार, जेल उप अधीक्षक शिव कुमार, प्रशिक्षक गीता देवी व अंजु रानी ने विजेता महिला बंदियों को उपहार एवं फल वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

**परिचालन दक्षता बढ़ेगी : खुल्बे**

# जिंदल स्टेनलेस ने लॉन्च किए हल्के जंगरोधी और ऊर्जा-कुशल सॉल्ट ट्रेलर्स

- स्टेनलेस स्टील से बने सॉल्ट ट्रेलर के जरिये हम उद्योग को लंबे समय तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध : अभ्युदय जिंदल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने भारत के नमक उद्योग का केंद्र कहे जाने वाले गुजरात में आयोजित अपने टेक्निकल कॉन्क्लेव में अत्याधुनिक सॉल्ट टिपर ट्रेलर लॉन्च किया। सॉल्ट ट्रेलरों में स्टेनलेस स्टील के उपयोग से लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं, जैसे जंग लगना, कम सस्टेबेनलिटी, सीमित उपयोग अवधि और उच्च रखरखाव खर्च, का समाधान संभव होगा। ये ट्रेलर हल्के वजन, ज़ंग-रोधी होने, ऊर्चा बचाने और सस्टेनेबलिटी जैसे गुणों से युक्त है। कंपनी ने इन ट्रेलरों के निर्माण के लिए 304 और जेटी (बीआईएस 6911 विनिर्देशों के अनुसार एन7) ग्रेड के आधुनिक स्टेनलेस स्टील का उपयोग किया है, जो बेहतर ज़ंग-रोधी, आग-रोधी और बेमिसाल इंपैक्ट जैसे गुणों के साथ-साथ अत्यधिक मजबूती के लिए जाना जाता है। सॉल्ट ट्रेलर के निर्माण में इस्तेमाल होने वाली पारंपरिक पदार्थ पर आमतौर पर 3-4 वर्षों में ज़ंग लग जाता है, जिससे कामकाज में रुकावट आती है और मरम्मत का खर्च बढ़ जाता है।


अत्याधुनिक सॉल्ट टिपर ट्रेलर

### इनोवेशन पर ध्यान

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि जिंदल स्टेनलेस में ऐसे इनोवेशनों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जो पूरे उद्योग में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकते हैं। लॉन्चिंग कार्यक्रम में जिंदल स्टेनलेस के सीईओ और सीएफओ तरुण खुल्बे ने कहा कि कम वजन, सस्टेनेबल और दीर्घकालिक उपयोग वाले लॉजिस्टिक उत्पादों के इस्तेमाल से परिवहन क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहा है। इससे परिचालन दक्षता बढ़ेगी और खर्चों से परिवहन ऑपरेटरों को छुटकारा मिलेगा।

## उमरा की होनहार खिलाड़ी पिंकी का बीएसएफ में चयन

**हांसी।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में हरियाणा प्रदेश के 50 प्रतिभाशाली युवाओं का स्पोर्ट्स कोटे के पदों पर चयन हुआ है। इनमें हांसी उपमंडल के उमरा गांव की होनहार खिलाड़ी पिंकी भी शामिल है। पिंकी के स्पोर्ट्स कोटे में चयनित होने पर शुक्रवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में एसडीएम राजेश खोथ ने पिंकी को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एसडीएम बताया कि सीमा सुरक्षा बल में स्पोर्ट्स कोटे के पदों पर देशभर से 116 खिलाड़ियों का चयन हुआ हुआ है, जिनमें से 50 युवा हरियाणा प्रदेश से हैं, इनमें लड़के और लड़कियां दोनों वर्गों के खिलाड़ी शामिल हैं। समारोह में मौजूद अधिकारियों और अभिभावकों ने भी चयनित युवाओं का उत्साहवर्धन किया।



# गायन में रितिका ने पाया पहला स्थान

- करवा चौथ पर मेंहदी व गायन प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी व गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने किया। कार्यक्रम संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग की छात्राओं द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. कविता दुआ जाधव की देखरेख में हुआ। करवा चौथ के शुभ अवसर पर छात्राओं के लिए मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।


**हिसार।** मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

### रंगारंग नृत्य किया

गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रितिका प्रथम, मुस्कान द्वितीय व सेजल तृतीय स्थान पर रही। उनके सुरों की मिठास ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया।

# एकाग्र भारद्वाज सेल्फ डिफेंस में बना विजेता

**ऑल इंडिया सेल्फ डिफेंस हपीकिडो चैंपियनशिप आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

तृतीय ऑल इंडिया सेल्फ डिफेंस हपीकिडो चैंपियनशिप में शहर के एकाग्र भारद्वाज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर केटेगरी में प्रथम स्थान हासिल किया है। सेल्फ डिफेंस स्पोर्ट्स सोसायटी के फाउंडर व अंतरराष्ट्रीय कोच रोहतास कुमार ने इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने बताया कि एकाग्र भारद्वाज सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण के दौरान पूरी गंभीरता से सीखता है। इसी की बदौलत वह पानीपत में विजेता बना है।


**हिसार।** विजेता एकाग्र भारद्वाज पदक दिखाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## कबड्डी के अंडर-19 वर्ग में हिसार रहा प्रथम

**हिसार।** 58वीं राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के तहत शुक्रवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। लड़कियों की कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर-14 वर्ग में रोहतक ने पहला, हिसार ने दूसरा तथा पानीपत की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 में भिवानी ने प्रथम, हिसार ने द्वितीय तथा रोहतक ने तृतीय अंडर-19 में हिसार ने प्रथम, पानीपत ने द्वितीय और करनाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। लड़कियों की ही बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-14 में गुरुग्राम प्रथम, फरीदाबाद द्वितीय व पानीपत तृतीय, अंडर-17 में रोहतक प्रथम, फरीदाबाद द्वितीय व सिरसा तृतीय और अंडर-19 में हिसार प्रथम, सोनीपत द्वितीय तथा गुरुग्राम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह पर मुख्य अतिथि उप जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह श्योराण ने विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपीसी रामरतन ने की। इस अवसर पर एईओ कुलदीप मलिक, शक्तिवेश, संजीव आर्य, रमेश सिहाग, कुलदीप नैन डीपीई, सुनील दत्त, दीक्षा, वंदना, कविता पानू, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुमेर सिंह घनघस, सुरेश आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## देश के 40 लाख स्वयंसेवकों में केवल 30 स्वयंसेवकों को ही मिलता है यह अवार्ड

**प्रशस्ति पत्र के अलावा मेडल व एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया**

# राष्ट्रपति मुर्मू ने किया एचएयू छात्र यशपाल को राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को लगातार एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल हो रही हैं। विश्वविद्यालय को जहां शिक्षा, शोध, विस्तार के क्षेत्र में अपने अमूल्य योगदान के लिए जाना जाता है वहीं समाज सेवा के क्षेत्र में भी इसका नाम पीछे नहीं है। समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर विश्वविद्यालय के बीएससी (आनर्स)एग्रीकल्चर के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कृषि महाविद्यालय के छात्र यशपाल को वर्ष 2022-23 के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया गया। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में यह पुरस्कार प्रदान किया। प्रशस्ति पत्र के अलावा उन्हें मेडल व 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया। यशपाल को हरियाणा राज्य सरकार से वर्ष 2021-22 के लिए राज्य स्तर पर एनएसएस पुरस्कार भी मिला है।


**हिसार।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अवार्ड प्राप्त करते छात्र यशपाल।

### कड़ी मेहनत व लग्न का फल है यह पुरस्कार

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता यशपाल को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस.के. पाहुजा सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर यशपाल को बधाई दी। कुलपति ने राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. चन्द्रशेखर डागर, डॉ. दीपक कौशिक व डॉ. लोचन शर्मा को भी बधाई दी। ज्ञात रहे कि देश में कुल 40 लाख स्वयंसेवक है जिनमें से केवल 30 स्वयंसेवकों को ही यह अवार्ड मिलता है।

### सामाजिक कार्यों में निभाई खास भूमिका

यशपाल हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एक मेहनती और प्रतिबद्ध एनएसएस स्वयंसेवक हैं। सामाजिक क्षेत्र में एनएसएस के माध्यम से यशपाल ने अनेक बार रक्तदान शिविर, सामाजिक जागरूकता रैलियां, पर्यावरण जागरूकता रैलियां, स्वच्छता अभियान, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर, प्लास्टिक मुक्त भारत, नकद रहित लेनदेन व डिजीटल साक्षरता, पौधारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को आयोजित करवाया और इनमें बढ़ चढ़कर भाग लिया।